आर0एन0आई0 पंजी0 सं0 - UPHIN/2014/60049

# अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 146 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, गुरुवार, 13 जनवरी, 2022 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

## 2014 से पहले देश में 387 मेडिकल कालेज थे,अब 596 हो गये हैं:मोदी

**चेन्नई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तमिलनाडु में 11 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में केवल सात एम्स थे लेकिन अब स्वीकृत एम्स की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। चिकित्सा क्षेत्र को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कई सुधार किए गए हैं। गुणवत्ता से समझौता किए बिना मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की स्थापना के नियमों को उदार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है जब किसी राज्य में एक ही बार में 11 मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले मैंने उत्तर प्रदेश में 9 मेडिकल कॉलेजों का



उद्घाटन किया था, मुझे अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने को मिल रहा है। इजाफा इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साल 2014 से पहले से हमारे देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे अब यह आंकड़ा बढ़कर 596 पर पहुंच गया है, जिसमें करीब 54 फीसदी का उछाल है। साल 2014 से पहले 82,000 मेडिकल अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीट थीं लेकिन यह आंकड़ा बढ़कर 1.48 लाख हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार मेडिकल क्षेत्र में कई सुधार लाई है। आयुष्मान भारत की वजह से गरीबों के पास उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा पाने का मौका मिला है। पहले की तुलना में घुटना प्रत्यारोपण और स्टेंट की लागत एक तिहाई हो गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में मैं भारत को अच्छी और सस्ती मेडिकल केयर वाले गंतव्य के रूप में देखता हूं। भारत में मेडिकल टूरिज्म का हब बनने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। मैं यह हमारे डॉक्टरों के कौशल के आधार पर कह रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं हमेशा से तमिल भाषा और संस्कृति की समृद्धि से मोहित रहा हूं। मेरे जीवन के सबसे सुखद क्षणों में से एक था जब मुझे संयुक्त राष्ट्र संघ में दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल में कुछ शब्द बोलने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि हमने एनईपी 2020 में भारतीय भाषाओं और भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दिया है।

### केजरीवाल ने दस सूत्री पंजाब माडल किया पेश

**मोहाली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज पंजाब दौरे के पहले दिन दस सूत्री पंजाब माडल पेश करते हुये कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब को खुशहाल तथा सुनहरा पंजाब बनाने के लिये प्रतिबद्ध है जिसमें मुख्य एजेंडा रोजगार रहेगा। श्री केजरीवाल ने आज यहां पत्रकारों से कहा कि आप पार्टी रोजगार को सबसे अधिक अहमियत देगी क्योंकि पंजाब से नौजवान रोजगार के अभाव में विदेश पलायन कर चुका है तथा कर रहा है। राज्य की युवा शक्ति को बाहर जाने से रोकने और जो चले गये उन्हें लौटाने के लिये रोजगार अहम मुद्दा होगा। चुनाव में जीत के बाद हम पंजाब में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करायेंगे ताकि नौजवानी बाहर जाये ही नहीं। उन्होंने कहा कि रोजगार के बाद नशा मुक्त पंजाब, अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य में सोलह हजार मोहल्ला क्लीनिक खोलना, तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली और महिला सशक्तिकरण, इंडस्ट्री और कृषि हमारी एजेंडा में शामिल है।

## भाजपा को एक और बड़ा झटका,अब कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। योगी सरकार में वन, पर्यावरण और जन्तु उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक, वह जल्द ही सपा में शामिल हो सकते हैं। दरअसल, मंगलवार को मंत्री पद और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने अगल दो दिनों में कुछ और नेताओं के बीजेपी छोड़ने की बात कही थी। दारा सिंह चौहान ने राज्यपाल को भेजे अपने इस्तीफे में लिखा है, 'पिछड़ों, वंचितों, दलितों, किसानों और बेरोजगार नौजवानों की घोर उपेक्षात्मक रवैये के साथ पिछड़े और दलितों के आरक्षण के साथ जो खिलवाड़ हो रहा है, उससे आहत होकर मैं उत्तर प्रदेश मंत्रि-मंडल से इस्तीफा देता हूं। हालांकि, इस फैसले के बाद अभी



भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि दारा सिंह चौहान मऊ जिले की मधुबन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं। माना जा रहा है कि वह फिर समाजवादी पार्टी का रुख कर सकते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दारा सिंह चौहान के मंत्री पद से इस्तीफे पर टिप्पणी करते हुए कहा परिवार का कोई सदस्य भटक जाए तो दुख होता है। जाने वाले आदरणीय महानुभावों को मैं बस यही आग्रह करूंगा कि डूबती नाव पर सवार होने से नुकसान उनका ही होगा। उन्होंने आगे लिखा कि बड़े भाई दारा सहि जी आप अपने फैसले पर पुनर्विचार करिए। उधर सपा अध्यक्ष अखलिश यादव ने ट्विट कर दारा सिंह चौहान का सपा में ससम्मान हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन कयिा। कहा, सपा व उसके सहयोगी दल एकजुट होकर समता-समानता के आंदोलन को चरम पर ले जाएँगेज भेदभाव मिटाएँगे!

## भारत चीन के बीच सैन्य-कमांडर स्तर की 14वें दौर की वार्ता शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत और चीन के बीच बुधवार को वरिष्ठ सर्वोच्च सैन्य कमांडर स्तर (एसएचएमसीएल) की 14वें दौर की वार्ता चीनी के चुशुल-मोल्दो में शुरू हो गयी। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर के नए कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता कर रहे हैं, जबकि दक्षिण शिंजियांग सैन्य जिले के कमांडर मेजर जनरल यांग लिन चीनी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गौरतलब है कि लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन से एलीट कोर की कमान संभाली है। कारगिल युद्ध के बाद 01 सितंबर, 1999 को गठित 14 कोर ने सियाचिन ग्लेशियर सहित दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा



(एलओसी) और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। सूत्रों के अनुसार भारत हमेशा टकराव वाले क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखने के लिए एक रचनात्मक बातचीत करने के लिए आशान्वित रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले शेष स्थानों से दोनों देशों के सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पर चर्चा होगी। जहां चीनी पक्ष ने अब तक हुई बातचीत में पीछे हटने से इनकार कर दिया है। दोनों देशों के बीच यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब चीन ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में 15 स्थानों के नामों को 'मानकीकृत' करने की घोषणा की थी। भारत ने नाम बदलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और रहेगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, चीन-भारत सीमा की स्थिति इस समय स्थिर है।

### यूपी चुनाव 2022: इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक सूचना दी तो खैर नहीं

**लखनऊ, संवाददाता।** इंटरनेट मीडिया की निगरानी शुरू करने के साथ ही डीजीपी मुख्यालय में चुनाव प्रकोष्ठ नियंत्रण कक्ष भी स्थापित हो गया है। नियंत्रण कक्ष के जरिये चुनाव आयोग व जिलों की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित कराई जायेगी। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी भ्रामक सूचना अथवा किसी फर्जी खबर का खंडन फैक्ट चेक ट्विटर हैंडल के जरिये किया जायेगा। इसके लिए अलग टीम का गठन किया गया है। यूपी पुलिस ने 27 सितंबर, 2021 को अपना टेलीग्राम चैनल लांच किया था, जिसमें 17 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। किसी भी माध्यम से आपसी तनाव पैदा करने वाली अथवा अन्य किसी भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

## हाईकोर्ट में वर्चुअल सुनवाई व पुलिस फोर्स तैनाती से वकीलों का अनशन जारी

⇨ चीफ जस्टिस से तत्काल पुलिस फोर्स हटाने की मांग ⇨ सीनियर वकीलों ने भी आन्दोलन को दिया समर्थन

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर के चारों तरफ वकीलों को कोर्ट परिसर में प्रवेश से रोकने के लिए भारी पुलिस फोर्स लगाए जाने का विरोध बढ़ता जा रहा है। आज काफी संख्या में वकीलों ने अनशन स्थल पर पहुंच कर इसका विरोध कर रहे बार के पूर्व पदाधिकारियों का समर्थन किया। क्रमिक अनशन पर बैठे बार के पूर्व पदाधिकारी अभिषेक शुक्ल व संजीव सिंह ने कहा कि वकीलों को रोकने के लिए तैनात भारी पुलिस फोर्स को तत्काल हटाया जाय नहीं तो वकीलों का यह आन्दोलन बड़ा रूप ले लेगा। अनशनकारी वकीलों का कहना है कि हाईकोर्ट में केवल वर्चुअल ही सुनवाई होगी, वकील इसका तब तक विरोध करेंगे, जब तक कि फिजीकल सुनवाई शुरू नहीं हो जाती। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व यूपी बार काउंसिल के चेयरमैन रहे सीनियर एडवोकेट अमरेन्द्र नाथ सिंह ने भी अनशन स्थल पर पहुंच कर आन्दोलन कर रहे वकीलों का समर्थन किया।

चीफ जस्टिस के आदेश से यह तय किया गया है कि हाईकोर्ट में सिर्फ वर्चुअल सुनवाई ही होगी और फिजिकल हियरिंग को पूरी तरीके से बंद कर दिया गया है। अधिवक्ताओं को इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर में जाने से रोक दिया गया है। जिसके विरोध में अधिवक्ता समुदाय विगत कई दिनों से क्रमिक अनशन कर रहा है। आज हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व उप्र बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ सिंह अपने समर्थकों संग आकर उन्होंने अभिषेक शुक्ला पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन एवं संजीव कुमार सिंह पूर्व सचिव लाइब्रेरी द्वारा चलाए जा रहे अनशन को अपना समर्थन प्रदान किया। इसके अलावा वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारी श्यामा चरण त्रिपाठी, दिलीप कुमार यादव, ऊष्मा मिश्रा संयुक्त सचिव महिला, अनुज कुमार सिंह कार्यकारिणी सदस्य, उदय शंकर तिवारी, शरद सिंह, विनोद त्रिपाठी, करण सिंह, अनिमेष चटर्जी, आमोद त्रिपाठी, रविंद्र त्रिपाठी, रमेश कनौजिया, सुभाष यादव, अजय कुमार, अभय नाथ, प्रशांत सिंह सोम, उत्तम कुमार बनजम सहित भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन को अपना समर्थन दिया। वकीलों ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर सिर्फ वर्चुअल सुनवाई के पक्षधर नहीं हैं। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि न केवल अधिवक्ता बल्कि प्रदेश की आम जनमानस के लिए भी न्याय का मंदिर बंद किया जाना लोकतंत्र में न्याय की हत्या के समान है।

### साप्ताहिक और नाइट कर्फ्यू के दौरान भी मान्य होंगे ई पास: डीडीएमए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार की ओर से एक नया आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत अब 4 जनवरी 2022 के बाद आवश्यक सेवाओं में छूट के लिए जारी किए गए ई पास ही साप्ताहिक कर्फ्यू और नाइट कर्फ्यू में भी वैध रहेंगे। दरअसल दिल्ली में कोरोना की रफ्तार बेकाबू होती देखकर सरकार की ओर से नाइट कर्फ्यू और साप्ताहिक कर्फ्यू लगाया गया है। इसके लिए अलग-अलग तरीके से पास जारी किए जा रहे हैं। सरकार ने संक्रमण को कम करने के लिए लगातार तरह-तरह की बंदिश लगा रही थी। इसी क्रम में सरकार वीकेंड कर्फ्यू का एलान किया गया था। इसके तहत शुक्रवार की रात 10 बजे से लेकर सोमवार सुबह पांच बजे इसे लागू किया गया। हालांकि इस दौरान जरूरी सेवा से जुड़े लोगों को आने जाने की छूट भी दी गई।

**भाजपा को लगा एक और झटका**

## अवतार सिंह भड़ाना ने पार्टी छोड़ी आरएलडी का थामा दामन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ा झटका लगा है। भाजपा विधायक अवतार सिंह भड़ाना ने पार्टी छोड़ दी है। इसके बाद अवतार सिंह भड़ाना ने बुधवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी से मुलाकात की और फिर रालोद का दामन थाम लिया। जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर तस्वीर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया कि पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेता अवतार सिंह भड़ाना ने आज रालोद पार्टी ज्वाइन की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता अवतार सिंह भड़ाना मुजफ्फरनगर के मीरपुर से विधायक हैं। उन्होंने भाजपा की टिकट पर साल 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ा था और मीरपुर से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर साल 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि उन्होंने विधानसभा पद से इस्तीफा नहीं दिया था। ऐसे में उन्हें भाजपा का ही विधायक माना जाता रहा है। एक दिन पहले भाजपा को स्वामी प्रसाद मौर्या के रूप में बड़ा झटका लग चुका है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंत्रीपद से इस्तीफा दे दिया और उनके साथ ही 3 और विधायकों ने भाजपा छोड़ दी।



## स्वामी प्रसाद मौर्य की बढ़ सकती हैं मुश्किलें एमपीएमलए ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**लखनऊ, संवाददाता।** मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आए स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद न्यायालय में पेश न होने पर एमपीएमएलए कोर्ट के दंडाधिकारी योगेश यादव ने बुधवार को उन्हें गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया है। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी ने परिवाद दायर कर आरोप लगाया था। कहा था कि एक समाचार पत्र में छपा है बसपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि शादी में देवी देवताओं की पूजा न करें। इससे हिंदुओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची। साथ ही श्रवण कुमार व तेज बहादुर सिंह का अदालत में बयान कराया गया। 22 नवंबर 2014 को मजिस्ट्रेट ने मौर्य को धार्मिक भावनाएं भड़काने की धारा 295 क आइपीसीसी के



तहत तलब करते हुए मुकदमा चलाने का आदेश दिया। उन्होंने आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में रिवीजन दायर किया जो नौ नवंबर 2015 को निरस्त हो गया। मजिस्ट्रेट कोर्ट से गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ तो उसके खिलाफ स्वामी प्रसाद ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इसमें 12 जनवरी 2016 को स्थगनादेश जारी हुआ। गत दिनों सुप्रीमकोर्ट ने सांसद, विधायकों के मुकदमे में छह माह से ज्यादा के सभी स्थगनादेश निष्प्रभावी कर दिए। साथ ही यह भी आदेश दिया है कि मजिस्ट्रेट ट्रायल वाले मुकदमे लोअर कोर्ट में देखे जाएं। एसीजेएम कक्ष संख्या 18 में फाइल सुनवाई के लिए आई तो 12 जनवरी को हाजिर होने के लिए गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। नियत तिथि पर स्वामी प्रसाद अदालत में हाजिर नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार कर 24 जनवरी को न्यायालय में पेश किए जाने का आदेश दिया गया।


### कानपुर के पूर्व कमिश्नर असीम अरुण 15 जनवरी को थामेंगे भाजपा का हाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** कानपुर के पूर्व कमिश्नर असीम अरुण आगामी 15 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी दी। गौरतलब है कि अरुण ने कानपुर के पुलिस आयुक्त के पद पर रहते हुए हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का आवेदन सरकार के समक्ष पेश किया था। मंगलवार को उनका आवेदन स्वीकार हो गया। असीम अरुण ने बताया कि राज्य सरकार ने मेरे वीआरएस आवेदन को स्वीकार कर लिया है और मैं 15 जनवरी को रिटायर होऊंगा। उन्होंने कहा कि 8 जनवरी को भाजपा की सदस्यता लेने का फैसला करने और 15 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बीच का समय योजना बनाने और तैयारी करने का है। यह समय है जिसमें वह पुलिस अधिकारी और सार्वजनिक जीवन के परिवर्तन को लाने का प्रयास कर रहे हैं।

**राज्यपाल धनखड़ का मुख्य सचिव और डीजीपी पर निशाना**

## दो बार बुलाने के बावजूद बैठक में नहीं पहुंचे

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि मुख्य सचिव एच के द्विवेदी और पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय ने तीन दिनों में उनके साथ दो निर्धारित बैठकों में शामिल नहीं होकर एक संवैधानिक चूक की है। धनखड़ का बयान तब आया जब राज्य के दो शीर्ष अधिकारी उनके द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए। राज्यपाल पुलिस अधिकारियों से यह जानना चाहते थे कि भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को जनवरी में झारग्राम जिले के नेताई जाने से पुलिस ने क्यों रोका था जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आदेश जारी किया था उन्हें किसी कार्यक्रम में भाग लेने से नहीं रोका जाना चाहिए। धनखड़ ने ट्वीट किया- 3 दिनों में दूसरी बार शीर्ष अधिकारियों द्वारा कार्रवाई योग्य असंगत संवैधानिक चूक। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों अधिकारियों ने न केवल शीर्ष सेवाओं की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया बल्कि एक बैठक के लिए उनके बार-बार कहने के बावजूद लोकतंत्र के सार का भी उल्लंघन किया।



## सुप्रीमकोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा को मोदी की सुरक्षा चूक जांच समिति का अध्यक्ष बनाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान कथित सुरक्षा चूक मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत की पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन बुधवार को किया। मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना और न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने सोमवार को एनजीओ लॉयर्स वॉइस की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि वह उच न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में उचस्तरीय जांच कराना चाहती है। पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा चूक से संबंधित संवेदनशील विषय को केंद्र या राय सरकारों द्वारा एकतरफा जांच के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है।

न्यायिक क्षेत्र में प्रशिक्षित व्यक्ति को मामले की जांच करनी चाहिए। शीर्ष अदालत की पीठ ने न्यायमूर्ति मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली इस समिति में सदस्य के तौर पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए के डीजी या उनके नामित अधिकार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र चंडीगढ़ के डीजीपी, पंजाब के डीजीपी के अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के के रजिस्ट्रार जनरल को नियुक्त किया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में डीजी एनआईए, पंजाब के डीजी सुरक्षा और पंजाब एवं हरियाणा उच न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की एक समिति नियुक्त करते हैं। मुख्य न्यायाधीश रमना ने सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मल्होत्रा समिति से जल्द से जल्द अपनी जांच रिपोर्ट देने का अनुरोध किया। शीर्ष अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश दिया है कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश पर जुटाए गए सभी विवरण और दस्तावेज जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दे।




### कोविड दवा, आक्सीजन और सहायक उपकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कोविड संक्रमण में तेज वृद्धि को देखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पर्याप्त कोविड दवा, आक्सीजन और सहायक उपकरणों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा है कि कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोविड इलाज में काम आने वाली सभी दवाईयों, आक्सीजन और सहायक उपकरणों का भंडारण और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि केंद्र सरकार देश भर में ऑक्सीजन संयंत्रों और स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध करा रही है।

**अभी नहीं मिलेगी सर्दी से राहत, दिल्ली, राजस्थान और एमपी में 3 डिग्री तक गिरेगा पारा, शीतलहर चलेगी**

## 10 से ज्यादा राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत में बीते कुछ दिनों से हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि इस हफ्ते के आखिर में उत्तर-पश्चिम के मैदानी इलाकों और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में शीतलहर फिर लौट सकती है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में एक-दो दिन तक ठंड सताती रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। 12 से 15 जनवरी के बीच पंजाब, उत्तरी राजस्थान, हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों में शीतलहर चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि 14 जनवरी तक ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, विदर्भ, तेलंगाना और तटीय



आंध्र प्रदेश में बिजली और ओलों के साथ हल्की से मध्यम बारिश का भी अनुमान है। गुरुवार को ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, कराईकल, पुडुचेरी, केरल और माहे में इस हफ्ते के आखिर तक गरज के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। देश के उत्तरी भागों से होकर गुजरने वाले पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स के कारण उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है। 16 जनवरी से 18 जनवरी के बीच इस तरह की दो और वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स के गुजरने का अनुमान है। इस वजह से हिमालय के पश्चिमी इलाकों में फिर से हल्की बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स भूमध्यरेखा-क्षेत्र में आने वाली उष्ण कटिबंधीय आंधी है। इसकी वजह से सर्दी के मौसम में भारतीय उपमहाद्वीप के पश्चिम और उत्तर के हिस्सों में अचानक बारिश होने लगती है। जब भी वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स समुद्र के ऊपर से गुजरता है तो हवाओं से एक चक्रवात बन जाता है। इसे साइक्लोनिक सर्कुलेशन कहा जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 145 करोड़ की हेरोइन पकड़ी, तीन पिस्तौल

**अमृतसर/फिरोजपुर, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सरहद से एक 145 करोड़ रुपये की हेरोइन (कुल वजन 29 किलो), 430 ग्राम अफीम, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन व 63 कारतूस पकड़े हैं। घनी धुंध की आड़ में पाक तस्करों ने दो दिनों के अंदर पांच जगहों पर हेरोइन की खेप सरहद से सटे भारतीय क्षेत्र में पहुंचाई है। अन दिनों पंजाब में विधानसभा चुनाव है, इसलिए हेरोइन की मांग बढ़ी है। धुंध के कारण दोनों देशों के तस्कर सरहद पर तस्करी के लिए सक्रिय हो गए हैं। बीएसएफ ने मंगलवार और बुधवार को फिरोजपुर सेक्टर से चार और अमृतसर के अटारी बार्डर से एक खेप पकड़ी है। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक घनी धुंध के कारण सरहद पर लगी फेंसिंग के साथ-साथ जवानों की गश्त बढ़ा दी गई है। रात के समय फेंसिंग पार पाक तस्करों की गतिविधियां महसूस की गईं, बीएसएफ ने तुरंत उन जगहों पर स्पेशल सर्च अभियान चलाया।

# आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक विचार एवं दृष्टि आवश्यक : कुलपति

## मुविवि में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** जिस तरह स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया, उसी तरह हम सब को मिलकर इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना है। अभी हमारा यह विश्वविद्यालय युवा है और यहां के कर्मचारी भी युवा हैं। इसके लिए सभी को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक विचार एवं दृष्टि बहुत आवश्यक है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के पर राष्ट्रीय युवा दिवस में व्यक्त किया। परीक्षा विभाग द्वारा आयोजित समारोह में कुलपति ने युवा कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने महिलाओं की शिक्षा पर बहुत जोर दिया। उनका मानना था कि महिलाओं को शिक्षित नहीं करेंगे तो देश का उन्नयन नहीं हो सकता। स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें शिक्षित किया जाए। वह एक मनीषी तथा महापुरुष थे। उनके विचारों को हमें जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विचारों की श्रृंखला चलती रहती है। हमें अच्छे विचार लोगों से साझा करने चाहिए। विचारों की शुद्धता होगी तो मन मस्तिष्क भी शुद्ध होगा। विचारों की शक्ति की अवधारणा को समझने की आवश्यकता है। सद्भाव की संस्कृति को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद से यही प्रेरणा मिलती है कि हमें लक्ष्य प्राप्ति से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए लक्ष्य बड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वह विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ प्रभात मिश्र ने बताया कि समारोह का संचालन श्रीमती पूर्णिमा भट्टाचार्य तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर परमानंद उपाध्याय एवं अभिमन्यु कुमार ने स्वरचित काव्य पाठ किया। परीक्षा विभाग में आयोजित इस समारोह में कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## सड़क के किनारे मृत मिला मजदूर

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक मजदूर का शव लावारिश हालत में सड़क के किनारे पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके पास मिले एक मोबाइल नम्बर के माध्यम से परिजनों को खबर दी। सराय ममरेज थाना के देवहटा गांव निवासी सूर्यबली 56वर्ष पुत्र रघुनाथ शहर के हटिया क्षेत्र में एक दुकान पर काम करके एक पुत्र एवं तीन बेटियों एवं पत्नी सुरेशा देवी का भरण-पोषण करता था। दुकान में काम समाप्त होने के बाद वह प्रतिदिन कोतवाली क्षेत्र में सड़क के किनारे इधर उधर सो जाता था और एक सप्ताह में वह घर जा रहा था। मंगलवार की रात दुकान में काम समाप्त होने के बाद, कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे सो गया और रात में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत कैसे हुई यह अबतक जानकारी नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# श्रेष्ठ व्यक्ति में चार प्रकार की बुद्धियां होती हैं:संदीप मिश्र

## धूमधाम से मनाया विवेकानन्द जयन्ती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** श्रेष्ठ व्यक्ति में चार प्रकार की बुद्धियां (बुद्धि, मति, प्रज्ञा, प्रतिभाशाली) होती हैं। जो स्वामी विवेकानंद में पूर्णरूप से विद्यमान थी। हमारी महान भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति के बारे में ज्ञान फैलाने, विशेष रूप से वेदांतिक स्रोत, के एक मिशन के साथ वे अमेरिका गए थे। यह बातें मुख्य वक्ता सामाजिक विज्ञान के आचार्य संदीप मिश्र ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी, रसूलाबाद में स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि विवेकानंद वेदांत दर्शन से मानववादी और तर्कसंगत शिक्षाओं की मदद से वहां लोगों की धार्मिक चेतना को जगाने की भी कोशिश की। अमेरिका में उन्होंने भारत को अपने आध्यात्मिक राजदूत के रूप में दर्शाया और ईमानदारी से लोगों से भारत और पश्चिम के बीच पारस्परिक समझ विकसित करने के लिए कहा, ताकि दोनों दुनिया एक साथ धर्म और विज्ञान दोनों का एक संघ बना सकें। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र व व्यवस्था प्रमुख आचार्य संजीव चतुर्वेदी ने विवेकानंद की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख संजीव चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का काम पुस्तकालय में रखा अनदेखा कीमती रत्न की तरह है, इसलिए अपने सुस्त जीवन को छोड़ें और उनके काम और जीवन से प्रेरणा लें। विद्यालय के आचार्य ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि उन्होंने मानव जाति की सेवा के लिए अपने पूरे जीवन को समर्पित किया और स्वामी विवेकानंद भारत के उन्हीं सच्चे रत्नों में से एक हैं। उन्होंने देश की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन त्याग दिया और लोगों की उनकी दुखी स्थिति से ऊपर उठने में मदद की। परोपकारी कार्य करने के अलावा वे विज्ञान, धर्म, इतिहास दर्शन, कला, सामाजिक विज्ञान इत्यादि पर लिखी किताबें पढ़ कर अपना जीवन जीते थे। साथ ही उन्होंने महाभारत, रामायण, भगवतगीता, उपनिषद और वेदों जैसे हिंदू साहित्य की भी प्रशंसा की जिसने काफी हद तक उनकी सोच को सही आकार देने में मदद की। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र, प्रबंधक आनंद कुमार श्रीवास्तव एवं प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सरोज सिंह ने एवं आभार ज्ञापन विद्यालय के आचार्य जनार्दन प्रसाद दूबे ने किया।

## कागजात में कूटरचना कर जमीन का कराया बैनामा, पांच के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। धोखाधडी कर जमीन हडपने के मामले मे पांच आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओ मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के सगरा सुंदरपुर निवासी आलिया खान पत्नी तौफीक ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि गांव के रामपाल, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, अभय प्रताप, अभिनव प्रताप व उदयप्रताप ने कागजात मे कूटरचना कर उसकी जमीन का योजनाबद्ध तरीके से अपने नाम करा लिया। जानकारी पर पीड़िता आरोपियो के घर उलाहना देने गयी तो उसके साथ गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीडिता आलिया खॉन की शिकायत रामपाल समेत पांचो आरोपियो के खिलाफ धोखाधडी, जालसाजी व जान से मारने की धमकी देने के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि पीडिता की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

## चालीस लीटर अवैध शराब के साथ धराये, दो आरोपी गये जेल

**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** अवैध शराब के साथ धराये दो आरोपियो को पुलिस ने जेल भेज दिया है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल के निर्देशन मे उप निरीक्षक जावेद अहमद ने खालसा सादात गांव निवासी कल्लू सरोज पुत्र रामऔतार व संतोष सरोज पुत्र जगन्नाथ को अवैध शराब के साथ मंगलवार की रात धर दबोचा। दोनो आरोपियो के पास बीस बीस लीटर शराब बरामद हुई। जावेद अहमद की तहरीर पर दोनों आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि चुनाव को लेकर चोरी की शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

# प्रयागराज के मेजा में पहली बार नीलम करवरिया ने लहराया भाजपा का झंडा




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** प्रयागराज में मेजा विधानसभा 1974 से अस्तित्व में आई। उस समय कोरांव (जो अब विधानसभा है) भी सम्मिलित था। पहली बार हुए 1974 के चुनाव में कांग्रेस के राम देव 19,810 वोट पाकर विजयी हुए थे। जबकि 2017 में भारतीय जनता पार्टी से नीलम करवरिया ने जीत दर्ज कर पहली बार भाजपा का झंडा लहराया। इस बार भी यह सीट भाजपा अपने पाले में करने की कोशिश में जुटी हुई है। इस क्षेत्र के बाहुबली और पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, सपा विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड में जेल में बंद हैं। उनकी राजनीतिक विरासत को संभालने 2017 में उनकी धर्मपत्नी नीलम करवरिया मैदान में उतरी और समाजवादी पार्टी के राम सेवक सिंह को 19,843 वोटों से हराया। उल्लेखनीय है कि, मेजा विधानसभा ब्राह्मण बाहुल्य सीट है। यहां बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। इस निर्वाचन क्षेत्र में कोई कारखाना नहीं है, क्योंकि 60 फीसदी क्षेत्र पहाड़ी है। ब्राह्मण बाहुल्य होने के चलते इस सीट पर उनकी भूमिका निर्णायक होती है। इस संसदीय क्षेत्र से सांसद रीता बहुगुणा जोशी हैं, जो भारतीय जनता पार्टी से हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राजेन्द्र सिंह पटेल को हराया था। मेजा विधानसभा में 2017 में कुल 3,09,428 मतदाता थे, जबकि 2022 में 15,361 से बढ़कर 3,24,789 मतदाता हो गये हैं।

### एक नजर हुए चुनाव पर

वर्ष 1974 के बाद 1977 में जेएनपी से जवाहर लाल 23,202 मत पाकर विजय हासिल किये। 1980 में कांग्रेस से विश्राम दास, 1985 में पुनः विश्राम दास विधायक बने। इसके बाद से मेजा विधानसभा की सीट कांग्रेस के हाथ से चली गई। 1989 और 1991 में जेडी से विश्राम दास दो बार पुनः विधायक बने। 1993 में बसपा का पहली बार कब्जा हुआ, जब राजबली जैसल 41,676 वोट पाकर विजयी हुए। 1996 और 2002 में राम कृपाल दो बार विधायक हुए। 2007 में राजबली जैसल पुनः बसपा से चुने गये। 2012 में सपा का खाता खुला और गामा पाण्डेय 44,823 मत पाकर विजयी हुए। इसी के बाद 2017 में पहली बार भाजपा का खाता नीलम करवरिया से खुला, जिसमें 67,807 वोट पाकर वह विजयी हुई।

## माघ मेलाः प्रमुख स्नान पर्वों पर सिविल लाइंस साइड से प्रवेश निषेध




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** माघ मेले के मद्देनजर रेलवे ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जिसमें प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान सिविल लाइन्स साइड से प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश निषेध रहेगा। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया है कि रेल प्रशसन द्वारा माघ मेले के प्रमुख स्नानों के दौरान प्रयागराज जंक्शन पर सिविल लाइंस की ओर से प्रवेश निषेध रहेगा। इस दौरान सिटी साइड की ओर से आगमन और सिविल लाइंस साइड के निकास की व्यवस्था लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व पर 13 जनवरी को 12 बजे से 15 जनवरी तक, पौष पूर्णिमा पर 16 जनवरी को 12 बजे से 18 जनवरी तक, मौनी अमावस्या पर 30 जनवरी को 18 बजे से 02 फरवरी तक, बसंत पंचमी पर 04 फरवरी को 12 बजे से 06 फरवरी तक, माघी पूर्णिमा पर 15 फरवरी को 12 बजे से 17 फरवरी तक तथा अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर 28 फरवरी को 12 बजे से 02 मार्च तक लागू रहेगा।

## माघ मेला के परेड क्षेत्र में मृत मिली लावारिश महिला

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** माघमेला के परेड थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक 35वर्षीय महिला अचेतावस्था में पायी गई। पुलिस ने उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया लेकिन उसकी कुछ ही देर में उपचार के दौरान मौत हो गई। दारागंज कोतवाली पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह एक लावारिश 35वर्षीय महिला अचेतावस्था में पायी गई। सूचना पर उसे उपचार के लिए उक्त अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी कुछ देर में मौत हो गई। चिकित्सकों ने उसके शव को लावारिश हालत में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मौत कैसे हुई यह अभी रहस्य बना हुआ है।

## फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या, पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के गऊघाट मोहल्ले में गर्भवती विवाहिता का शव बुधवार सुबह ससुराल में फांसी के फन्दे पर पाया गया। सूचना पर मिलते ही उसके मायके वाले पहुंचे और दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। शिवकुटी थाना क्षेत्र के मेहदौरी निवासी शिव प्रसाद ने अपनी 28 वर्षीय बेटी संगीता भारतीय हिन्दू रीति रिवाज से मुट्ठीगंज के गऊघाट निवासी अर्जुन भारतीय के साथ किया था। शादी के बाद संगीता ने एक पुत्र जन्म दिया और वर्तमान वह गर्भवती थी। उसका पति प्राइवेट काम करके किसी तरह भरण-पोषण करता था। बुधवार सुबह कमरे के अन्दर संगीता का शव फांसी के फन्दे पर पाया गया। उसकी मौत की खबर मिलते ही उसके मायके वाले मुट्ठीगंज थाने पहुंचे और पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

## फांसी लगाकर युवक ने दे दी जान

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के कन्धईपुर मोहल्ले में बुधवार दोपहर एक युवक ने कतिपय कारणों से क्षुब्ध होकर घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। धूमनगंज के कन्धईपुर मोहल्ला निवासी धर्मेन्द्र यादव 20वर्ष पुत्र मानिकचंद्र यादव तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। परिवार की माली हालत ठीक न होने की वजह परिवार के सभी सदस्य प्राइवेट काम करते हैं। प्रतिदिन की भांति उसकी मां चिन्ता देवी समेत परिवार के सभी सदस्य अपने अपने काम पर चले गए। घर पर धर्मेन्द्र अकेला था। वह कमरे के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद उसकी घर पहुंची तो बेटे को देखते ही शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## थाने में बैठक कर एसडीएम ने निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के दिये मंत्र

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सैनी थाने में पुलिस विभाग के साथ बैठक कर निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने का मंत्र बताया । उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता ने सैनी कोतवाली परिसर में पुलिस विभाग की बैठक कर कहा कि चुनाव और आपदा की ड्यूटी में एक अधिकारी की सत्य निष्ठा को पहचाना जाता है, ऐसे में सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करें।एसडीएम विनय कुमार गुप्ता ने कहा केन्द्रीय निवार्चन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एमसीसी टीम में लगे सभी पुलिस प्रशासनिक अधिकारी होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही तत्काल करें। कहीं पर भी अवैध होर्डिंग्स , प्रचार सामग्री तहसील में नहीं दिखाई देनी चाहिए।साथ ही आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराये।

## महिला कार्ड धारक ने कोटेदार पर लगाया अभद्रता व घटतौली का आरोप


**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** विकासखंड कड़ा क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव की महिला कार्ड धारक ने गांव के कोटेदार पर अभद्रता व घटतौली करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू विनय कुमार गुप्ता व क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण सिंह कर कार्रवाई की मांग की है ।पात्र गृहस्थी योजना की महिला कार्ड धारक बिट्टन देवी पत्नी गामा प्रसाद व पूजा देवी ने बुधवार को उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता एव सीओ सिराथू योगेंद्र कृष्ण नारायण को शिकायती पत्र देकर गांव के कोटेदार पर अभद्रता व घटतौली का आरोप लगाते हुए बताया कि राशन कार्ड लेकर कोटेदार के घर खाद्य सुरक्षा के तहत मिलने वाले राशन को लेने गई थी। जिस पर उचित दर विक्रेता दिनेश कुमार पत्नी गुडिया देवी गाली गलौच करने लगी जब उसने इसका विरोध किया तो कोटेदार ने कार्ड छीन कर फाड़ दिया।

# लालगंज सर्किल के अलग अलग इलाके से हजारों की नकदी व लाखों का जेवरात चोरी



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** लालगंज पुलिस सर्किल के अलग अलग इलाको से चोरों ने ताबडतोड चोरी की पांच घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैला दी। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर मे मंगलवार की रात छत के रास्ते घुसे चोरो ने रामगरीब के पुत्र रामसुमेर गौड के घर से अस्सी हजार की नकदी व सात लाख रूपये का जेवरात चोरी कर लिया। सुबह परिजन सो कर उठे तो टूटी आलमारी व कमरे मे बिखरा सामान देखकर उनके होश उड गये। चोरों ने इसी गांव के महबूब अली के पुत्र हसन अली के घर से भी नौ हजार की नकदी समेत एक लाख रूपये की कीमत का जेवरात उडा दिया। गांव के दो घरो मे चोरी की बडी वारदात से लोगों मे दहशत फैल गयी। उधर उदयपुर थाना क्षेत्र के उछापुर निवासी महावीर सिंह के घर से चोरों ने मंगलवार की रात दो कमरे का ताला तोडकर जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। महावीर के पुत्र रामबली सिंह ने थाने मे तहरीर देकर बताया कि रात मे खाना खाकर वह परिजनो के साथ सो रहे थे। मौका पाकर चोरों ने दो कमरो का ताला तोडकर भीतर रखी दस हजार की नकदी समेत बहू, पत्नी व नातिन की लाखों रूपये की जेवरात को चोरी कर लिया। वहीं लालगंज कोतवाली के संगम चौराहा पर चोरों ने पान की दो गुमटियो का ताला तोडकर नकदी व हजारो का माल चोरी कर लिया। पीडित दुकानदार सलेम भदारी निवासी कयूम खॉन पुत्र मंजूर खान व कयाही निवासी विपिन तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार ने लालगंज कोतवाली मे अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज करने की तहरीर दी है। वही सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम चौराहे पर स्थित संगम पाण्डेय की चाय व पान की दुकान की गुमटी का ताला तोडकर नकदी व बर्तन समेत हजारो का माल अज्ञात चोरो ने उडा दिया। पीडित ने सांगीपुर थाने मे तहरीर दी है। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा कर आरोपियो को जेल भेजा जाएगा।

## स्वामी प्रसाद के सपा में आने से पार्टी को मिलेगी मजबूतीः ताजुद्दीन



**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के मंत्री मण्डल से स्वामी प्रसाद मौर्या के इस्तीफा देने के बाद समाजवादी पार्टी में शामिल होने की त्वरित प्रतिक्रिया में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष ताजुद्दीन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश के कद्दावर नेताओं में से एक स्वामी प्रसाद मौर्य के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से प्रदेश में समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में मंत्री रहे सूबे के मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खबर से जिले के सियासी हलके में खलबली मच गई है। यह खलबली तब और बढ़ गई जब स्वामी प्रसाद मौर्य की सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की बात सामने आ गई। सियासी कद्दावरो को दावा है कि वह अब नई सियासी पारी समाजवादी पार्टी से शुरू करेगें। इस पर सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष ताजुद्दीन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य एवं उनके साथियो का पार्टी में आने से समाजवादी पार्टी को प्रदेश में मजबूती मिलेगी।

## कौशाम्बी पब्लिक स्कूल में छात्रों ने लगवाया कोविड टीका

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया में स्थित कौशाम्बी पब्लिक स्कूल में वृहद किशोर वैक्सिनेशन कैम्प का आयोजन कर विद्यालय के दर्जनों किशोर छात्रों ने कोविड टीकाकरण करवाया कामधेनु ग्रुप ऑफ इंस्टियूशन के प्रबन्ध निदेशक योगेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में संचालित कशिया में स्थित कौशाम्बी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय के प्रशासक ऋषि कुशवाहा के देखरेख में विद्यालय में अध्ययनरत 15 वर्ष से 18 वर्ष के किशोर व किशोरियों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कोविड टीकाकरण किया गया । इस दौरान विद्यालय के प्रशासक ऋषि कुशवाहा ने छात्रों के स्वास्थ्य की कामना करते हुए वैश्विक महामारी कोरोना ओमिक्रोन से बचाव व सुरक्षा हेतु टीकाकरण को रक्षाकवच बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने सरकार की गाईडलाईन , वृहद टीकाकरण , वैश्विक स्तर पर वैक्सीन उपलब्धता एव उसकी गुणवत्ता को सराहा।

## सिराथू कस्बे में भांग की आड़ में बिकता है गांजा

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** नशे के अवैध धंधे को लेकर पूरे जिले में बदनाम है। वही सिराथु कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के पास सिराथु ओवरब्रिज के नीचे खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है पुलिस के मिली भगत से हो रहा है यहां अवैध नशीले पदार्थो की धड़ल्ले से बिक्री होती है। भांग की आड़ में गांजे का धंधा हो रहा है। बड़ी संख्या में युवाओं को हार्ड नशे की लत लग गई है। बीच-बीच में हल्की-फुल्की कार्रवाई करके पुलिस भी अपना बचाव करती है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार सिराथु कस्बे में लाखो रुपये के अवैध नशीले पदार्थ भी पकड़े जा चुके हैं।

# दो दिन से नलकूप की मोटर खराब होने से मोहल्ले में पेयजल का संकट

## नगर प्रशासन ने नही की व्यवस्था दूसरे बस्ती से लाना पड़ता है पानी

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** नगर पंचायत सिराथू के वार्ड नंबर दो परसीपर मे पानी आपूर्ति के लिए लगे पंप की मोटर जल जाने की वजह से दो मोहल्ले मे दो दिन से पेयजल का संकट बन गया है। नगर प्रशासन की ओर से टैंकर की व्यस्था न होने पर लोगों को पीने के पानी के लिए दूसरी बस्तियों में जाना पड़ रहा है। सिराथू कस्बे के वार्ड नंबर दो मे जल आपूर्ति के लिए स्थापित टंकी के नलकूप की मोटर रविवार को जल गई जिसके बाद परसीपुर व शिवालापर मोहल्लों मे सप्लाई ठप होने से पीने के पानी का संकट खडा हो गया है दोनों मोहल्ले के रहने वाले लोगो पानी के लिए दूसरी बस्तियों में जाना पड रहा हैं।

नगर प्रशासन को सूचना देने के बाद भी टैंकर नही भेजे जा रहे हैं जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मोहल्ले के भानु मिश्रा , सुरेश कुमार केसरवानी, विशाल पाल सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि पेयजल की समस्या को लेकर नगर प्रशासन के अधिकारियों से कहा गया है लेकिन अब तक न तो टैंकर की व्यवस्था की गई है ना ही मोटर को दुरुस्त कराने के लिए कोई इंतजाम कराया गया है ऐसे में पीने के पानी की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

## खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शमशाबाद में स्थित एक विद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के अंतर्गत दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम के समापन पर विजेताओ को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित। सिराथू तहसील क्षेत्र के शमशाबाद स्थित मातृभूमि इंटर कालेज में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में खण्ड स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर बुधवार को विजेताओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा गोमती के अध्यक्ष व समाजसेवी विनय कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद सिंह रहे। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों युवाओं एवं युवतियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रूबी मिश्रा ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन प्रभा कांत मिश्रा ने किया।

## नहीं रहे कौशलेश सिंह, प्रमोद व मोना ने जताया दु:ख

**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** बेलहा स्थित अलका प्रमोद तिवारी इण्टर कालेज के संस्थापक एवं समाजसेवी बाबू कौशलेश सिंह (70) का मंगलवार की देर रात बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने दुख जताते हुए कहा कि कौशलेश सिंह ने सामाजिक तथा शैक्षिक क्षेत्र मे अविस्मरणीय योगदान दिया। प्रमोद तिवारी ने कौशलेश के निधन को पारिवारिक क्षति भी कहा है। वहीं बुधवार को विद्यालय मे भी संस्थापक के आकस्मिक निधन पर शिक्षको ने शोकसभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र व अधिवक्ता संजय सिंह एवं अनिल महेश ने बैठक के जरिये कौशलेश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कुमकुम चावल का टीका लगाकर भाजपाई ले रहे आशीर्वाद



**नरैनी, (संवाददाता)।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पार्टी ने बड़ी चतुराई से अपनी चुनाव प्रचार की रणनीति बदल दी है। रैली, जनसभा, यात्राओं व बाइक रैलियों पर रोक के बाद भाजपाइयों ने 11 जनवरी से लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर जाकर उन्हें तिलक लगाकर जीत के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकेश निषाद ने स्वयं कस्बे में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को भ्रमण कर पुरुष लाभार्थियों से संपर्क किया है। श्री निषाद ने बताया कि कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए हमारे कार्यकर्ता छोटी-छोटी पुरुष व महिलाओं की टोली बनाकर लाभार्थियों से संपर्क करते हुए उनके साथ फोटो खिंचा रहे हैं। मिस्ड काल द्वारा भाजपा की सदस्यता भी दिला रहे हैं। बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान योजना सहित जनहित की लगभग आधा सैकड़ा योजनाओं का लाभ गरीबों किसानों व ग्रामीणों को बिना किसी भेदभाव के दिया गया है। इसी क्रम में कस्बे के मुख्य चौक के पास फुटपाथ में फल का ठेला लगाने वाले किदवई नगर मुहल्ले के निवासी रेयाज अहमद को जिलाध्यक्ष ने टीका लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रेयाज अहमद ने बताया कि बिना किसी परेशानी के उन्हें सरकार ने ढाई लाख रुपये इनकी धर्म पत्नी के बैंक खाते में भेजकर दो कमरों का पक्का मकान व शौचालय बनवाया है। जिलाध्यक्ष ने कस्बा व नसेनी गांव पहुंचकर जनसंपर्क किया है। इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश पाण्डेय, रविन्द्र त्रिपाठी, राजेश चौरसिया, दिलीप गर्ग, सौरभ गौतम आदि सम्मिलित हुए हैं।

## धान विक्रय में हो रही जबरदस्त गड़बड़ियां

**नरैनी।** किसानों के धान विक्रय हेतु किये गए आनलाइन आवेदन में व्यापक गड़बड़ियां सामने आ रही है। किसानों की जमीन पर अज्ञात (फर्जी) लोगों के नाम पंजीकरण कर सैकड़ों कुंतल धान बेचने का परमिशन जारी कर दिया गया है। क्षेत्र के पचोखर गांव निवासी दिलीप कुमार, राजाबेटा,देवराज, पुत्रगण बाबूलाल, रामनिहोर पुत्र सदाशिव, नीलम कंचन आदि किसानों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि प्राथी के खाता संख्या में दर्ज विभिन्न नम्बरो पर तहसील के कर्मचारी द्वारा पूजा पत्नी राजा के नाम पंजीयन आई डी नम्बर 1700008809 द्वारा गलत तरीके से सत्यापित कर दिया है।

# खटिक समाज ने कांग्रेस से प्रदेश की पांच सीटों पर मांगा प्रतिनिधित्व

➡ भ्रष्टाचार, मंहगाई व बेरोज़गारी रोकने में सरकार नाकामः राजेश

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** प्रदेश में भ्रष्टाचार, मंहगाई व बेरोज़गारी के साथ आम लोगों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिसे हल करने में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार नाकाम है। प्रदेश के विकास के लिए अखिल भारतीय खटिक समाज कांग्रेस पार्टी के साथ हैं और उत्तर प्रदेश में खटिक समाज को पांच सीटे पर प्रतिनिधित्व देने की मांग करता है। उक्त बातें अखिल भारतीय खटिक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सोनकर ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।



पत्रकारों से वार्ता करते खटिक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सोनकर

बुधवार को बुलेट चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिल भारतीय खटिक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सोनकर ने बताया कि उनका संगठन देश के आठ करोड़ खटिक समाज के लोगों का प्रतिनिधित्व करता है और लगातार समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विकास के लिए खटिक समाज कांग्रेस पार्टी के साथ है और समाज को सम्मान दिलाने के लिए जनपद की खागा सुरक्षित सीट सहित प्रदेश की पांच विधानसभा सीट से खटिक समाज को प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग करता है। सींटो के मांग के क्रम में उन्होने जौनपुर की केराकत विधानसभा से अनिल सोनकर गांगुली, आजमगढ़ जिले की मोहम्मदाबाद गोहाना से महेन्द्र सोनकर, चित्रकूट की नरैनी विधानसभा क्षेत्र से जितेन्द्र सोनकर व लखनऊ से सुशीला सोनकर को टिकट दिए जाने की मांग किया। कहा कि उत्तर प्रदेश में खटिक समाज 75 लाख की संख्या में है जो कि किसी भी राजनीतिक दल की दिशा और दशा बदल सकती है। उन्होने खागा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि खागा सुरक्षित खटिक समाज के वोटर 40 से 45 हजार के आस-पास है जो उन्हे मजबूती देने का का काम करेगा। कहा कि देश में संकट की स्थिति में खटीक समाज देश हित में सामने आया है। फिर देश संकट में है। सरकार देश की संपदा को बेचने में लगी हुई है, मंहगाई व बेरोजगारी चरम पर है। किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। देश की ऐसी संकट की स्थिति से कांग्रेस पार्टी ही उबार सकती है। उंन्होने खटिक समाज का सम्मान बरकरार रखने के लिए प्रतिनिधित्व देते हुए जनपद की खागा सीट समेत प्रदेश में पांच सींटो से खटिक समाज के लोगों को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग किया। इस मौके राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रिंकू सोनकर भी मौजूद रहे।

## संवेदनशील गांवों की कुंडली खंगाल रहे सेक्टर मजिस्ट्रेट

**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर तहसील सभागार कक्ष में 60 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की एक बैठक तहसीलदार व रिटर्निंग आफीसर ने ली। जिसमें चुनाव संबंधी जानकारी दी गई। चुनाव संपन्न कराने से पहले सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बरनेबल मैपिंग के फार्म दिए गए थे। जिसकी बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षा में जिस सेक्टर मजिस्ट्रेट के फार्म सही व कम्पलीट भरे हुए नहीं थे। उन्हें एक दिवस कार्य के अंदर पूरा करने के दिशा निर्देश दिए गए। तहसीलदार शशि भूषण मिश्र ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूथों तक पहुंचने के लिए रास्ता, बिजली, पानी, स्वच्छ शौचालय, फर्नीचर व्यवस्था व बूथ के बाहर वाल पेंटिंग आदि कामों को शीघ्र पूरा करा लिया जाए। जिससे किसी भी प्रकार की कोई असुविधा रह न जाए। उन्होने बताया कि खागा विधानसभा तथा हुसैनगंज विधानसभा में 30-30 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं।

# सपा नेता समेत 13 पर अचार संहिता और महामारी एक्ट में मुकदमा दर्ज

➡ सोशल मीडिया में प्रचार के वायरल वीडियो पर पुलिस का एक्शन


भीड़ के साथ प्रचार करते सपा नेता रामेश्वर दयाल दयालु

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व बिंदकी विधानसभा के दावेदार रामेश्वर दयाल दयालु गुप्ता पर पुलिस ने आचार संहिता के उल्लंघन व महामारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। सपा नेता के लाव लश्कर के साथ चुंनाव जनसम्पर्क का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए दयालु गुप्ता सहित 13 लोगों पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने व महामारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर बड़ी कार्रवाई की है। क्षत्राधिकारी बिंदकी ने सपा नेता सहित 13 लोगों के विरुद्ध अचार संहिता का दुरुयोग करने एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन न करने पर कार्रवाई की पुष्टि की है। पुलिस के तेवर देखकर प्रमुख विपक्षी राजनैतिक दलों में खलबली मची हुई है। वहीं सपा नेताओं पर मुकदमा दर्ज होने पर सपा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह ने प्रशासन पर सत्ता के इशारे पर की गई कार्रवाई बताया। उन्होने कहा कि क्षेत्र में सपा के बढ़ते जनाधार से सत्ताधारी दल परेशान हैं। प्रशासन से मिलकर सपा नेताओं को निशाना बनाए जाने की कोशिश की जा रही है।

## महिलाओं को दिए सेनेटरी पैड

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन व डॉ विलिमर स्वाबे जर्मन के संयुक्त तत्वाधान में ए गर्ल विद पैड अभियान के तहत यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने गढ़ीवा मुहल्ले की आधा सैकड़ा महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया। डॉ अनुराग ने महिलाओं को माहवारी के समय स्वच्छता न रखने से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया। उन्होने महिलाओं को मतदान हेतु जागरूक करते हुए सभी को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी पवन गुप्ता, हीरालाल शर्मा व आचार्य रामनारायण उपस्थित रहे।

# पांटून पुल निर्माण में देरी से लोग परेशान विभाग बेपरवाह

➡ जनवरी के प्रथम सप्ताह में पांटून पुल निर्माण का किया जा रहा था दावा
➡ यमुना नदी में पानी कम होने के साथ ही बीच में रेत खुलने का इंतजार


अधूरा पड़ा पांटून पुल

**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** कस्बा व बांदा जनपद के दांदो घाट के मध्य प्रति वर्ष यमुना नदी पर बनने वाला पांटून पुल एक बार फिर से महीनों देरी के बाद भी नहीं बन सका। विभागीय अधिकारी जनवरी के प्रथम सप्ताह में पांटून पुल निर्माण का दावा कर रहे थे। यमुना नदी में पानी कम होने के साथ ही बीच में रेत खुलने का इंतजार किया जा रहा है। पांटून पुल न बनने से दोनों जनपद के लोग नांव पर जोखिम के साथ सफर करने को मजबूर हैं। यमुना नदी पार करके फतेहपुर व बांदा जनपद का आवागमन करने वाले लोगों को अभी कुछ दिन और मुश्किलों भरे गुजारने पडेंगे। अधिकांश वर्षों में दिसंबर महीने के आखिरी तक पांटून पुल बनकर तैयार हो जाता था। स्कूली छात्र-छात्राएं दैनिक कर्मचारी किसान व व्यापारी मजबूरी में नाव पर सवार होकर नदी पार करते हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा पांटून पुल निर्माण से पहले नदी में चार बड़ी नांव का संचालन कराया जाता है। पांटून पुल निर्माण में देरी की वजह से सबसे अधिक नुकसान किशुनपुर व आस-पास के कस्बों में व्यापारियों को उठाना पड़ता है। गल्ला आढ़ती सुशील शुक्ला, बउवा मिश्रा, दुर्गा प्रसाद आदि लोगों का कहना था कि इस वर्ष बेहद देरी से पांटून पुल निर्माण शुरू होगा। आठ महीने के लिए बनने वाला पांटून पुल से लोगों को बमुश्किल पांच महीने ही आवागमन की सुविधा मिल पाती है।

### पक्का पुल निर्माण भी नहीं हो सका पूरा

**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** किशुनपुर व दांदो घाट के मध्य यमुना नदी में पक्का पुल निर्माण भी जारी है। चार साल पहले पक्का पुल निर्माण शुरू हुआ था। बजट के चक्कर में कई बार निर्माण की रफ्तार सुस्त पड़ी। दिसंबर महीने में पूरा होने वाला पक्का पुल निर्माण 90 फीसदी के आगे नहीं बढ़ सका।

### कर्मचारियों को भेजकर दिखाएंगे जल स्तर

**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** लोक निर्माण विभाग के जेई उमेश चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि पांटून पुल निर्माण को लेकर कई बार स्वयं मौके पर जाकर जल स्तर देख चुके हैं। यमुना नदी में पानी अधिक होने की वजह से निर्माण कर पाना मुश्किल हो रहा है। दो धाराओं के ऊपर पुल निर्माण किया जाता है। पानी कम होने के बाद पांटून पुल निर्माण शुरू किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने मनाया प्रियंका का जन्मदिन



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी का जन्मदिन शहर कांग्रेसियों ने मनाया। कार्यालय में केक काटकर उनके दीर्घायु की कामना की। कांग्रेसियों का कहना रहा कि प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेसी संघर्ष कर रहे हैं। उनका यह संघर्ष काम आएगा और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष रमन कुमार, महासचिव शरीफ अहमद, सचिव मनोज कुमार, सचिव नफीस अहमद, हसीन जावेद, फारुक, अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास


पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च में शामिल डीएम-एसपी

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव के तहत जिले में चौथे चरण में 23 फरवरी को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जानी है। चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्वा दुबे एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के साथ शहर की सड़कों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया।

डीएम-एसपी के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन (डाक बंगले) से पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल फ्लैग मार्च पर निकला। आबूनगर, पत्थरकटा चौराहा, पुलिस अधीक्षक आवास, बुलेट चौराहा आदि स्थानों से होते हुए तांबेश्वर मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च देखकर लोगों में कौतूहल रहा लेकिन जब पता चला कि विधानसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च हो रहा है तो लोगों ने राहत की सांस ली और सुरक्षा का एहसास किया। डीएम-एसपी ने शहरवासियों का आहवान किया कि निर्भीक एवं निडर होकर मतदान में सहभागिता निभाएं। किसी के बहकावे में न आएं। यदि कोई अराजकतत्व परेशान करे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

अराजकतत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर दिनेश चंद्र मिश्रा, शहर कोतवाल अरूण चतुर्वेदी, महिला थाना प्रभारी के अलावा सभी चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

## युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद जी की जयंती



**धाता/फतेहपुर, (संवाददाता)।** कस्बे स्थित गायत्री शक्तिपीठ में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। स्वामी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया। उनके विचारों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। विवेकानंद जी ने विश्व मंच पर भारत वर्ष का नाम अपने विचारों से किया। अपने संबोधन से जो छाप बनायी थी युवाओं के लिए सदैव स्मर्णीय रहेगा। संचालन करते हुए ब्रजेश सिंह ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों पर चर्चा हो और उसके समाधान के लिए युवा पीढ़ी को सामने आना होगा। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के युवाओं ने संबोधन करते हुए बताया कि युवा राष्ट्र का निर्माता स्वयं है स्वयं को जाने पढ़ाई के साथ-साथ समाज और देश की प्रगति में योगदान दें। योग, ध्यान, कर्म और परिश्रम से देश और समाज की प्रगति में सहयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में पुरुष युवा मंडल का गठन हुआ। सभी युवाओं ने संकल्प लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। महिला मंडल का गठन करते हुए सभी महिलाओं व छात्राओं से अपने घर व समाज में किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में सहभागिता का संकल्प दिलवाया गया। कर्मकांड, संस्कार सहित विभिन्न कार्यक्रमों को भी गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से संपादन करवाने का महिला मंडल ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामानंद सिंह, इकबाल सिंह, राम सिंह, महेंद्र सोनी, चन्द्रभान सिंह, ओमकार केशरवानी, रामचंद्र, राम प्रसाद सिंह, सर्वेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं रीशिड्यूलिंग

रेल प्रशासन द्वारा नैनी-प्रयागराज छिवकी के मध्य तीसरी लाईन के कार्य हेतु नैनी स्टेशन पर हो रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण निम्न गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रीशेड्यूलिंग तथा आंशिक निरस्तीकरण की अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

### निरस्तीकरण

| गाड़ी संख्या | कहां से-कहां तक | पूर्व सूचित प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी निरस्तीकरण की तिथि | प्रा. स्टेशन से प्रभावी विस्तारित निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 04193 | पं. दीन द. उपा. जं.-प्रयागराज | 01.01.22 से 10.01.22 | 16.01.2022 |
| 04194 | प्रयागराज-पं. दीन द. उपा. जं. | 01.01.22 से 10.01.22 | 16.01.2022 |
| 14111 | झाँसी-प्रयागराज | 09.01.22 से 10.01.22 | 16.01.2022 |
| 14112 | प्रयागराज-झाँसी | 09.01.22 से 10.01.22 | 16.01.2022 |
| 09447 | अहमदाबाद जं.-पटना जं. | 05.01.2022 | 12.01.2022 |
| 09448 | पटना जं.-अहमदाबाद जं. | 07.01.2022 | 14.01.2022 |

### मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी संख्या | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | निम्न स्टेशनों पर ठहराव स्थगित | पूर्व सूचित प्रा. स्टेशन से प्रभावी मार्ग परिवर्तन की तिथि | प्रा. स्टेशन से प्रभावी विस्तारित मार्ग परिवर्तन की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 12307 हावड़ा-जोधपुर जं. | प्र. छिवकी-प्रयागराज- टूंडला-आगरा फोर्ट-अछनेरा जं. | प्र. छिवकी-मानिकपुर-झाँसी-आगरा छा.-अछनेरा | प्रयागराज-फतेहपुर-कानपुर से.-इटावा-टूंडला-आगरा फोर्ट | 09.01.22 | 15.01.22 |
| 12308 जोधपुर जं.-हावड़ा | अछनेरा जं.-आगरा फोर्ट-टूंडला-प्रयागराज-प्रयागराज छिवकी | अछनेरा-आगरा छा.-झाँसी-मानिकपुर-प्र. छिवकी | आगरा फोर्ट-टूंडला-इटावा कानपुर सेन्ट्रल-फतेहपुर-प्रयागराज | 30.12.21 से 07.01.22 | 12.01.22 से 15.01.22 |
| 22308 बीकानेर जं.-हावड़ा | अछनेरा जं.-आगरा फोर्ट-टूंडला-प्रयागराज-प्रयागराज छिवकी | अछनेरा-आगरा छा.-झाँसी-मानिकपुर-प्र. छिवकी | आगरा फोर्ट-टूंडला-इटावा कानपुर-फतेहपुर-प्रयागराज | 01.01.22 से 09.01.22 | |
| 12816 आनंद वि. (ट)-पुरी | प्रयागराज-मिर्जापुर पं. दीन दयाल-उपाध्याय जं. | प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | मिर्जापुर | 30.12.21 से 10.01.22 | 12.01.22 से 16.01.22 |

**नोटः** यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी सं. **12307**, **12308** एवं **22308** को प्रयागराज एवं आगरा फोर्ट के स्थान पर **प्रयागराज छिवकी एवं आगरा कैण्ट** स्टेशन पर **02** मिनट का ठहराव दिया जायेगा।

### री-शिड्यूलिंग

| गाड़ी संख्या | कहां से-कहां तक | री-शिड्यूलिंग अवधि | स्टेशन से | पूर्व सूचित प्रा. स्टेशन से प्रभावी री-शिड्यूलिंग की तिथि | प्रा. स्टेशन से प्रभावी विस्तारित री-शिड्यूलिंग की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 14116 | प्रयागराज-डा. अंबेडकर नगर | 120 मिनट | प्रयागराज से | 10.01.2022 | 16.01.2022 |

### गाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से-स्टेशन तक | स्टेशन पर आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन | पूर्व सूचित तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 11118 | प्रयागराज छिवकी-इटारसी | कटनी से | 02.01.22 से 11.01.22 | 16.01.22 तक |
| 11117 | इटारसी-प्रयागराज छिवकी | कटनी पर | 01.01.22 से 10.01.22 | 15.01.22 तक |

**नोटः** ट्रेन समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या **Rail Madad Mobile App** या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज 36/22 FA

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in North Central Railway@CPRONCR


# सड़क हादसे में नानी की मौत दामाद व दो नाती घायल

**दामाद व नातियों के साथ बाइक से घर जा रही थी नानी**

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** दामाद व नातियों के साथ बाइक से घर जा रही नानी की सड़क हादसे में मौत हो गई। गंभीर घायल दामाद व नातियों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद मृतका के परिवारीजनों के बीच कोहराम मचा रहा। दुखी परिजनों को पड़ोसी ढाढंस बंधाते रहे। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के पलवा गांव निवासी सुरेंद्र की पत्नी तारावती (50) अपने दामाद मोनू शर्मा निवासी जगन्नाथपुर थाना मलवां व उसके पुत्र अंशू शर्मा (5) व दूसरे दामाद राजू शर्मा निवासी मिर्जापुर खड़ंजा थाना कल्यानपुर जनपद कानपुर के पुत्र आनंद शर्मा (9) के साथ बाइक से अपने गांव पलवा जा रही थी। जैसे ही बाइक मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव के समीप पहुंची तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तारावती की घटनास्थल पर मौत हो गई।





**माघ मेला 2022 के प्रमुख स्नान पर्वो पर प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश व्यवस्था**

प्रयागराज जं. पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड से

माघ मेला के दौरान प्रमुख स्नान पर्वो पर प्रयागराज जं. पर सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बन्द रहेगा जिसका विवरण निम्न प्रकार से है

| क्र. सं. | पर्व का नाम | तिथि | दिन | सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बंद रहने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मकर संक्रांति | 14.01.2022 | शुक्रवार | दिनांक 13.01.2022 दोपहर 12 बजे से दिनांक 15.01.2022 रात्रि 12 बजे तक |
| 2 | पौष पूर्णिमा | 17.01.2022 | सोमवार | दिनांक 16.01.2022 दोपहर 12 बजे से दिनांक 18.01.2022 रात्रि 12 बजे तक |
| 3 | मौनी अमावस्या | 01.02.2022 | मंगलवार | दिनांक 30.01.2022 शाम 6 बजे से दिनांक 02.02.2022 रात्रि 12 बजे तक |
| 4 | बसन्त पंचमी | 05.02.2022 | शनिवार | दिनांक 04.02.2022 दोपहर 12 बजे से दिनांक 06.02.2022 रात्रि 12 बजे तक |
| 5 | माघी पूर्णिमा | 16.02.2022 | बुधवार | दिनांक 15.02.2022 दोपहर 12 बजे से दिनांक 17.02.2022 रात्रि 12 बजे तक |
| 6 | महाशिवरात्रि | 01.03.2022 | मंगलवार | दिनांक 28.02.2022 दोपहर 12 बजे से दिनांक 02.03.2022 रात्रि 12 बजे तक |

| स्पेशल ट्रेन की दिशा | प्रवेश द्वार | यात्री आश्रय का रंग |
|---|---|---|
| लखनऊ एवं वाराणसी की तरफ | लाल रंग 1 | लाल रंग |
| मिर्जापुर, विन्ध्यांचल एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की तरफ | नीला रंग 2A | नीला रंग |
| मानिकपुर, सतना तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन (झाँसी) की तरफ | पीला रंग 2B | पीला रंग |
| फतेहपुर एवं कानपुर की तरफ | हरा रंग 3 | हरा रंग |
| सभी दिशाओं की नियमित गाड़ियों के आरक्षित यात्रियों के लिये | सफेद रंग 4 | ———— |

आवश्यक सूचना : माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर भी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउन्टर खोले गये हैं। जिनसे यात्री टिकट प्राप्त कर सकते है।

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी। | मास्क नहीं तो टिकट नहीं

39/22 (SP)

हमें फॉलो करें North Central Railways CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# सावधान :रूम हीटर जलाकर सोएं नहीं :डॉ अभय

➡ बंद कमरे में अंगीठी, कोयला और हीटर का प्रयोग बेहद खतरनाक
➡ कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की अधिकता से होती मौत

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सर्दी चरम है और अंगीठी या हीटर का प्रयोग आजकल हर घर में हो रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अंगीठी या हीटर से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है। जो जहरीली होती है और कमरे में अधिकता होने से यह गैस जान भी ले सकती है इसलिए जब भी कमरे में अंगीठी या हीटर जलाएं। खिड़की या दरवाजा थोड़ा खुला रखें। कोशिश करें रात में सोने से पहले अंगीठी या हीटर बंद कर कमरे से बाहर निकाल दें। यह कहना है जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अभय प्रताप पटेल का। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अभय प्रताप पटेल ने बताया कि कार्बन-मोनोऑक्साइड केरोसिन, कोयला व लकड़ी के ठीक से न जलने पर ज्यादा मात्रा में निकलती है जो आक्सीजन को बंद कमरे से



रिप्लेस कर देती है। इससे कमरे में कार्बन-मोनोऑक्साइड गैस की मात्रा बढ़ जाती है। यह गैस फिर सांस के माध्यम से व्यक्ति के फेफड़े में पहुँचता है क्योंकि मनुष्य के रक्त में मौजूद आरबीसी, ऑक्सीजन की जगह कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से ज्यादा जल्दी जुड़ जाती है इसलिए धीरे-धीरे व्यक्ति के खून में ऑक्सीजन की जगह कार्बन मोनोऑक्साइड पहुँचने लगता है। जो मस्तिष्क व ऊतकों को आक्सीजन की जगह कार्बन मोनोऑक्साइड पहुँचाने लगता है। इससे मस्तिष्क में धीरे-धीरे आक्सीजन कम हो जाती है। मस्तिष्क में आक्सीजन की कमी के कारण व्यक्ति नींद के दौरान बेहोश हो जाता है। इस स्थिति में कभी कभी व्यक्ति सांस नहीं ले पाता इसी स्थिति को हाइपोक्सिया कहते हैं। इस स्थिति में दम घुटने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है।

### कमरे में अलाव जलाते समय रखें सावधानियां

- मुंह ढक कर न सोएं
- जहां वेंटीलेशन नहीं है, वहां ख़तरा ज्यादा
- कमरे में एक बाल्टी पानी खुला जरूर रखें
- कमरा गर्म होने के बाद अंगीठी बुझाकर सोएं
- सांस के मरीज कमरे में अलाव न जलाएं
- नवजात के कमरे में अलाव बिलकुल न जलाएं
- कोरोना से जंग जीत चुके व्यक्ति रहें सावधान
- अलाव का प्रयोग करते समय खिड़की को थोड़ा खोलकर रखें

### हाइपोक्सिया मौत के मुंह में ढकेल रहा जिंदगी

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** डीटीओ ने बताया कि कोरोना संक्रमित व गर्भवती, नवजात व बुजुर्गों को खतरा ज्यादा रहता है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर से संक्रमित हुए लोग व जो व्यक्ति फेफड़े व सांस संबंधी किसी बीमारी से गुजर रहे हैं व जिन्हें ब्लडप्रेशर व एनीमिया की समस्या है उनके लिए बंद कमरे में अलाव का प्रयोग ज्यादा खतरनाक है। इसके साथ ही बुजुर्गों, बच्चों व गर्भवती की प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम होती है इन लोगों के लिए भी बंद कमरे में अलाव का प्रयोग खतरे की घंटी है। गर्भ में पल रहा शिशु व माँ दोनों के लिए बंद कमरे में अलाव का प्रयोग खतरनाक है। बच्चे वयस्कों की तुलना में अधिक जल्दी-जल्दी सांस लेते हैं। वृद्ध लोगों में भी इस गैस का जोखिम ज्यादा है, इसलिए बिना वेंटीलेशन के कमरे में यह लोग अलाव का प्रयोग न करें।

# कंबल पाकर खिल उठे जरूरतमंदों के चेहरे

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** स्वामी विवेकानंनद जी की जयंती पर बुधवार पीपुल केयर फाउंडेशन ने चौडगरा क्षेत्र के चिन्हित जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे और कार्यक्रम की सराहना की। कंबल वितरण में फाउंडेशन के मेंबर शरद दुबे, आलोक पांडेय, संतोष पटेल, जितेंद्र सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव एडवोकेट ने हिस्सा लिया। जरूरतमंदों को एक-एक करके कंबल देने का काम किया। कंबल वितरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष भीषण ठंड में गरीब एवं असहायों के बीच कंबल व गर्म कपड़े वितरित करने का काम करती है, क्योंकि गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। बताया कि आगे भी फाउंडेशन जरूरतमंदों की मदद करेगी।



# संपादकीय

## सत्ता की वांछित परीक्षा

पांचवें साल की सत्ता में हिमाचल की नीयत व नखरे उस मुकाम पर हैं, जहां प्रदर्शन की हर कवायद का विश्लेषण होगा। जाहिर है हिमाचल की सरकारी मशीनरी व सत्ता का नेतृत्व इस समय को सुंदर बनाने की हर करवट पर सतर्क हो रहा है, लेकिन मसौदे फिर कोविड की बिगड़ती स्थिति में उलझ रहे हैं। सरकार की अहम बैठकों व मंत्रिमंडल की दृष्टि में कोविड चुनौती से निपटने की रणनीति में सत्ता का अवांछित इम्तिहान शुरू हो गया है, तो यह मानना पड़ेगा कि बतौर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को अपनी अधिकतम ऊर्जा व उर्वरता कोरोना के खिलाफ लगानी पड़ी और यह क्रम पांचवें साल की हजामत में फिर जुट गया है। बावजूद इसके हिमाचल के राजनीतिक विश्लेषण में पांचवां साल अपनी शिकायतों से भरा रहेगा और सरकार की कसौटियों पर विपक्ष के लिए आक्रोश चुनना आसान होगा। क्या हिमाचल का विपक्ष पांच विधानसभा चुनावों में उड़ती आशंकाओं में फंसी भाजपा की स्थिति को प्रदेश तक भांप रहा है या कांग्रेस के भीतर शख्सियतें यूं ही लड़ती रहेंगी। पांचवां साल यानी जलवों का युद्ध है और यह भाजपा बनाम कांग्रेस के बीच अपनी-अपनी पार्टी की आंतरिक ताकत की आजमाइश भी है। कांग्रेस की अपने मुद्दों की स्थिरता के बीच आंतरिक खिन्नता का प्रकोप इसलिए भी दिखाई दे रहा है कि यहां नेतृत्व छीनने का अवसाद है, तो बयानों की लंगड़ी में एक दूसरे को गिराने की जद्दोजहद भी है। बहरहाल सरकार की सूचनाएं बड़े से बड़ा परिदृश्य बनाने की फिराक में अब ऐसे कारनामे करेंगी, जिनमें कहीं जिगर तो कहीं दिल की बात होगी। सूचनाएं बता रही हैं कि अप्रैल में सबसे अधिक शिलान्यासों के मील पत्थर और उद्घाटन समारोहों को प्रभावशाली बनाया जाएगा। ऊना में पीजीआई सेटेलाइट या केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए शिलान्यास पत्थर चमकाए जा रहे हैं, तो एक साथ फोरेस्ट क्लीयरेंस की कई फाइलें बाहर आएंगी और रुके कामों के राजनीतिक शुभ मुहूर्त कराएंगी। प्रदेश की सबसे बड़ी परियोजना यानी मंडी का ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का शुभारंभ वर्तमान सरकार की महत्त्वाकांक्षा को लिख पाएगा या इसी का मुखौटा पहनकर पहले से बनी हवाई पट्टियां अपना श्रृंगार करेंगी। जनता गुजरात मॉडल में भाजपा के कसीदों का रंग देखना चाहेगी तथा यह यकीन भी करना चाहेगी कि वास्तव में डबल इंजन सरकार चली कितने कोस। यहीं से हिमाचल सरकार की चुनौती बढ़ती जाएगी, क्योंकि पिछली सरकार की परिकल्पना में जिन योजनाओं-परियोजनाओं का श्रृंगार हुआ था, वे आज तक अगर पूरी नहीं हुईं, तो पांचवां साल विपक्ष को मुद्दे बनाने में आसान होता जाएगा। जाहिर है सत्ता के सशक्त प्रहरी के रूप में कुछ विधायक व अधिकारी श्रेष्ठ साबित होने में अग्रणी दिखाई देते हैं, लेकिन जो पिछड़ गए उनकी रीढ़ सीधी कौन करेगा। जो विधानसभा क्षेत्र विपक्ष के अधीन रहे, उन्हें वर्तमान सत्ता अंतिम वर्ष में कैसे करीब लाएगी।

## दलबदलुओं का टाइम


आज हम उप्र के चुनाव और दलबदल राजनीति की बात करेंगे। जिन पांच राज्यों में फरवरी-मार्च में चुनाव होने हैं, उनमें उप्र सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य है। यहां से 80 सांसद और 403 विधायक चुने जाते हैं, लिहाजा उप्र के चुनाव को 2024 के आम चुनाव का पूर्वाभ्यास मानना स्वाभाविक है। उप्र में फिलहाल भाजपा की सरकार है। अभी तक जितने भी चुनावी विश्लेषण, आकलन और सर्वेक्षण सामने आए हैं, उनमें भाजपा की बढ़त दिखाई गई है। अलबत्ता समाजवादी पार्टी उसे तगड़ी चुनौती पेश कर रही है। चुनाव का मौसम आया है, तो दलबदल और पालाबदल भी स्वाभाविक है, लेकिन योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट में श्रम एवं रोज़गार मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य का अचानक मंत्री पद से इस्तीफा देना और फिर कुछ विधायकों समेत भाजपा छोड़ने की ख़बर बेहद गौरतलब है, क्योंकि मौर्य को अति पिछड़ों का सबसे बड़ा नेता माना जाता है। यकीनन इस पालाबदल से भाजपा के चुनावी समीकरणों को झटका लगा होगा! पार्टी के बड़े नेता नुकसान की भरपाई में जुटे हैं, लिहाजा कई नाराज़ विधायकों को मनाने की कवायद जारी है। हालांकि मौर्य का दावा है कि उनके साथ कुछ और मंत्री तथा 10-12 विधायक भाजपा छोड़ कर आ सकते हैं। इन असंतुष्ट नेताओं के सपा में शामिल होने की ख़बरें हैं, हालांकि औपचारिकता शेष है। कभी योगी कैबिनेट में रहे ओमप्रकाश राजभर का दावा है कि भाजपा के करीब 150 विधायक सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके संपर्क में हैं। कुछ मंत्री भी रात के अंधेरे में उनसे मुलाकात करने आते रहे हैं। उप्र में शरद पवार की पार्टी एनसीपी का कोई आधार नहीं है, फिर भी वह दावा कर रहे हैं कि 13 और विधायक भाजपा को अलविदा कह सकते हैं। बहरहाल ये तमाम बयान दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन दलबदल कोई असामान्य घटना नहीं है। 1979 में जब भजनलाल ने दलबदल कर हरियाणा की पूरी सरकार को ही बदल दिया था, तो वह दलबदल की सबसे बड़ी घटना थी। उसके बाद दलबदल विरोधी कानून संसद ने पारित किया। फिर 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने उसमें बड़ा संशोधन किया। उसके बावजूद दलबदल जारी रहा है। एडीआर की एक रपट के मुताबिक, 2016-21 के बीच 357 विधायकों ने दलबदल के बाद चुनाव लड़े। उनमें से 170 ही चुनाव जीत पाए। दलबदल करने के बाद 12 नेताओं ने लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन सभी पराजित हो गए। चूंकि राज्यसभा चुनाव विधायकों की संख्या के आधार पर तय होते हैं, लिहाजा सभी 16 दलबदलू चुनाव जीत कर सांसद बन गए। खुद स्वामी प्रसाद मौर्य का दलबदल का इतिहास रहा है। 1980 में वह लोकदल के जरिए सियासत में आए, लेकिन जनता दल, बसपा और भाजपा में रहने के बाद अब वह सपा की दहलीज़ पर खड़े हैं।

# प्रकाश प्रेरणा का महापर्व मकर संक्रांति

**कंचन शर्मा**

> रामचरितमानस के बालकांड में मकर संक्रांति के दिन श्री रामचंद्र जी के पतंग उड़ाने का उल्लेख मिलता है। गुजरात में मकर संक्रांति के दिन अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव मनाया जाता है। इस दिन पतंग उड़ाने के पीछे धूप में अधिक समय बिताने के चिकित्सा विज्ञान का आधार जुड़ा है ताकि शरद ऋतु में हम अधिक से अधिक धूप लेकर शरीर को ऊर्जावान बना सकें। इस तरह से मकर संक्रांति प्रकाश की अंधकार पर, ऊष्मा की शिशिर पर विजय का प्रतीक है। यह पर्व सूर्य का पर्व है और सूर्य निरंतरता, जीवंतता, ऊर्जा, गतिशीलता का प्रतीक है जिसका एकमात्र ध्येय संपूर्ण सृष्टि का कल्याण है

'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का उदघोष करने वाली भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति का विशेष महत्त्व है। यह पर्व मुख्यतः सूर्य पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि छोड़कर मकर राशि में प्रवेश अथवा विस्थापन करते हैं। सूर्य की इसी संक्रमण की क्रिया के कारण इस पर्व को मकर संक्रांति कहा गया है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से अपनी दिशा बदलकर उत्तरायण हो जाते हैं। इसी कारण मकर संक्रांति को उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व से दिन लंबे व रातें छोटी होना शुरू हो जाती हैं। हमारा देश यूं भी पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है, इसलिए इस पर्व का हमारे लिए और भी अधिक महत्त्व बढ़ जाता है। यही नहीं विश्व की 90 फीसदी आबादी उत्तरी गोलार्द्ध में ही स्थित है। यही वजह है कि यह दिन संपूर्ण विश्व के लिए सकारात्मकता, ऊर्जा, उत्साह, नवजीवन व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के लिए विशेष महत्त्व रखता है। संपूर्ण विश्व के सभी उत्सवों में संभवतः मकर संक्रांति ही एक ऐसा उत्सव है जो बिना किसी स्थानीय परंपरा, मान्यता या विश्वास से संबंधित नहीं, अपितु यह एक खगोलीय घटना है जो वैश्विक भूगोल व संपूर्ण जीवन प्रणाली यानी मनुष्य, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों को आनंद देने वाला है। संभवतः यही एक ऐसा त्योहार है जो अंग्रेजी कैलेंडर के एक ही दिन 14 जनवरी को आता है। विश्व बंधुत्व, विश्व कल्याण और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की उदात्त भावना केवल भारतीय संस्कृति की विशेषता है और इस नाते हर पर्व की तरह यह पर्व भी हर्षोल्लास के साथ देश में भिन्न-भिन्न रूपों में मनाया जाता है। विभिन्नता में एकता लिए हमारे देश में इस पर्व में भी विविधता है। उत्तर भारत में लोहड़ी, मध्य भारत में संक्रांति, असम में बिहू, दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। बहुत से क्षेत्रों में इसे उत्तरायण, खिचड़ी, माघी आदि के नामों से भी जाना जाता है। भारत के साथ नेपाल में भी इस पर्व को नई फसलों के आगमन की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन किसान नई फसल से बने भोग ईश्वर को चढ़ाकर उसके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।



मकर संक्रांति का ऐतिहासिक व धार्मिक महत्त्व भी है। कहते हैं कि इस दिन गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी। इसी दिन गंगा नदी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगा सागर पहुंची थी। इस दिन गंगा सागर में स्नान का बड़ा महत्त्व है। कहते हैं 'सारे तीर्थ बार-बार गंगा सागर एक बार'। महाभारत के आठवें अध्याय में इस बात का वर्णन है कि भीष्म पितामह ने शीर शैया पर अत्यंत पीड़ा सहन करने के बावजूद प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का इंतजार किया था। हमारे शास्त्रों में यह कहा गया है कि जो प्राणी उत्तरायण में देह त्याग करता है उसे मृत्युलोक से मुक्ति मिल जाती है और वह मोक्ष को प्राप्त हो जाता है और जो दक्षिणायन में देह त्याग करता है, उसे पुनः मृत्यु लोक में जन्म लेना पड़ता है। यही नहीं मां यशोदा ने इसी दिन श्रीकृष्ण को पुत्र रूप में कामना हेतु व्रत लिया था जब सूर्य उत्तरायण हो रहे थे। कहते हैं इस दिन सूर्य सारे रोष त्यक्त कर अपने पुत्र शनि से मिलने उनके घर गए थे। इसलिए यह पर्व सौहार्द व भाईचारे के रूप में मनाया जाता है। शनि क्योंकि मकर राशि के स्वामी हैं, इसलिए इसे मकर संक्रांति कहा गया है। मकर संक्रांति के दिन माघ मास का आरंभ होता है। इससे एक दिन पहले यानी पौष माह के आखिरी दिन लोहड़ी मनाई जाती है जो हिंदू वर्ष का अंतिम त्योहार है। इस दिन नदी स्नान का बड़ा महत्त्व है। इसी दिन से हिंदुओं की महा तीर्थ स्थली प्रयागराज में मेला आरंभ होता है। हम जानते ही हैं कि तीर्थराज प्रयाग का कुंभ मेला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। मकर संक्रांति के दिन यहां प्रथम पवित्र स्नान शुरू होता है। हमारी हिंदू संस्कृति व पर्व, इन सबके पीछे ऐतिहासिक व धार्मिक महत्त्व तो है ही, साथ में इन पर्वों के मनाने के पीछे वैज्ञानिक आधार भी हैं। मकर संक्रांति के दिन नदियों में वाष्पन प्रक्रिया बहुत अधिक होती है जिसमें स्नान करने से कई तरह के रोगों का निवारण होता है। इस दिन तिल, गुड़ का सेवन किया जाता है।

मकर संक्रांति के दिन पूरे उत्तर भारत में शिशिर ऋतु चरम सीमा पर होती है। ऐसे में तिल, गुड़ चिकित्सा विज्ञान के हिसाब से सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। इस दिन खिचड़ी का सेवन किया जाता है जो सुपाच्य होने के साथ इसमें अदरक के सेवन से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान का भी बहुत महत्त्व है। मान्यता है कि मकर संक्रांति से सूर्य तिल-तिल अपना स्वरूप बदलता है। इसलिए इस दिन तिल के साथ घी, कंबल आदि दान का बड़ा महत्त्व है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से मनुष्य को दान का सौ गुणा प्रतिफल मिलता है। इस दिन पतंग उड़ाने की प्रथा भी है। रामचरितमानस के बालकांड में मकर संक्रांति के दिन श्री रामचंद्र जी के पतंग उड़ाने का उल्लेख मिलता है। गुजरात में मकर संक्रांति के दिन अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव मनाया जाता है। इस दिन पतंग उड़ाने के पीछे धूप में अधिक समय बिताने के चिकित्सा विज्ञान का आधार जुड़ा है ताकि शरद ऋतु में हम अधिक से अधिक धूप लेकर शरीर को ऊर्जावान बना सकें। इस तरह से मकर संक्रांति प्रकाश की अंधकार पर, ऊष्मा की शिशिर पर विजय का प्रतीक है। यह पर्व सूर्य का पर्व है और सूर्य निरंतरता, जीवंतता, ऊर्जा, गतिशीलता का प्रतीक है जिसका एकमात्र ध्येय संपूर्ण सृष्टि का कल्याण है। पर्वों की यह शाश्वत संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी विश्व कल्याण के लिए पोषित की जाए, यही भारतीय संस्कृति का मूल उद्देश्य है।


# क्या होगा अगला ट्रंप कार्ड

**पीके खुराना**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है। इस संदर्भ में यह याद करना समीचीन होगा कि नीतीश कुमार जब एनडीए का हिस्सा नहीं थे और विपक्षी मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि विपक्ष को अपना नैरेटिव बनाना चाहिए ताकि मोदी का मुकाबला संभव हो सके। विपक्ष को उनकी बात का मर्म समझ में नहीं आया। कांग्रेस ने समझा भी तो मोदी के मुकाबले में राहुल गांधी की छवि एक ऐसे अपरिपक्व व्यक्ति की बन गई जिस पर पप्पू का ठप्पू लग गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीतने के बाद अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री बनने की जल्दबाज़ी में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी छवि बिगाड़ ली और उन्हें भगोड़ा करार दे दिया गया। इस प्रकार सन् 2014 के चुनाव में मोदी के सामने कोई ऐसा उम्मीदवार बचा ही नहीं जिस पर जनता विश्वास कर पाती। तब मोदी का नारा विकास का था, सबको साथ लेकर चलने का था। जनता कांग्रेस के भ्रष्ट और निकम्मे शासन से तंग थी और उसे विकास चाहिए था।

प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने विकास पर ध्यान दिया, अंतरराष्ट्रीय जगत में अपनी और भारत की छवि पर फोकस किया और देश के भीतर अपनी छवि चमकाने के लिए लगभग हर रोज़ किसी नई योजना की घोषणा की। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी छवि तेज़ी से काम करने वाले निर्णायक नेता की थी ही। प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी यह छवि और भी मजबूत हुई। इस सबके साथ उन्होंने कुछ और काम भी किए जिन्हें समझे बिना आज के हालात का विश्लेषण संभव नहीं है। सन् 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान ही पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को बदलवा कर और 'अबकी बार भाजपा सरकार' की जगह 'अबकी बार मोदी सरकार' का नारा देकर उन्होंने अपने इरादों की झलक तो दे ही दी थी, प्रधानमंत्री बनते ही मोदी ने पार्टी में अपने विरोधियों को उनकी औकात दिखा दी। मार्गदर्शन मंडल की घोषणा और आडवाणी की लगातार किरकिरी आदि तरीकों से उन्होंने पार्टीजनों को स्पष्ट संदेश दिया कि शक्ति का केंद्र सिर्फ वे ही हैं। उन्होंने बड़ी चतुराई से पार्टी को मिलने वाले फंड का केंद्रीयकरण करके क्षेत्रीय क्षत्रपों को नकारा कर दिया। अमित शाह को पार्टी का अध्यक्ष बनवा कर उन्होंने एक और महत्त्वपूर्ण जीत हासिल की और पूरी पार्टी उनके कब्ज़े में आ गई। विपक्षी नेताओं के विरुद्ध योजनाबद्ध अभियान चला। सच और झूठ के घालमेल से सोशल मीडिया पर प्रचार आज तक जारी है। विरोधी दलों के नेताओं पर छापे डालकर उनके भ्रष्टाचार का प्रचार किया और छापे डालने का समय भी चुनाव अथवा किसी महती योजना के साथ जोड़ा ताकि जनता को लगे कि सिर्फ विपक्ष ही भ्रष्ट है। यह रणनीति भी आज तक जारी है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह पर तो छापा उनकी बेटी की शादी वाले दिन डाला गया। विपक्ष को मिलने वाले फंड पर रोक के लिए उन्होंने चुनावी बांड की नींव रखी जिससे कार्पोरेट कंपनियां भी उनके काबू में आ गईं। सन् 2014 तक मीडिया की छवि बाहुबली सरीखी थी जो सरकारें बना भी सकता है और गिरा भी सकता है। मीडिया पर लगाम लगाकर मोदी ने मीडियाकर्मियों में ही मीडिया की इस छवि को चकनाचूर कर दिया। साम, दाम, दंड, भेद के प्रयोग से एक तरफ उन्होंने मीडिया में अपने भक्त बनाए तो दूसरी तरफ विरोध करने वाले पत्रकारों की छवि धूमिल करने का अभियान चलाया। मोदी ने पहली बार मीडिया से विपक्षी दलों का-सा व्यवहार किया। विज्ञापन के अभाव में मीडिया की स्वतंत्रता और जीवन दोनों खतरे में पड़ जाते हैं। सरकारी विज्ञापन तो सरकार के हाथ में हैं ही, बड़े कार्पोरेट घरानों को भी आगाह कर दिया गया कि मोदी का विरोध करने वाले मीडिया घरानों को विज्ञापन न दिए जाएं। आखिरकार मीडिया घरानों को समझ आ गया कि जीवित रहना है तो सरकारी पानी में मगर से बैर नहीं चलेगा। मीडिया पर अपनी निर्भरता खत्म करने के लिए मोदी ने विद्वानों और कार्यकर्ताओं की एक स्थायी टीम तैयार की जो कहानियां गढ़-गढ़कर मोदी की छवि चमकाता है और विपक्षी नेताओं का चरित्र-हनन करता है। यह प्रचार इतना सघन है कि इसका मुकाबला किसी विपक्षी दल के बूते का नहीं है। संबंधित व्यक्तियों की सहमति और जानकारी के बिना, मोदी की छवि चमकाने के लिए विदेशी नेताओं, विदेशी समाचारपत्रों, विदेशी पत्रकारों और प्रतिष्ठित भारतीय नागरिकों के नाम का सहारा लिया जाता है या यूं ही काल्पनिक नाम गढ़ लिए जाते हैं। ऐसे कई प्रकरण सामने आने के बावजूद आम जनता में उनके भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है और ऐसे बहुसंख्य लोग भाजपा के नहीं, मोदी के समर्थक हैं। सच यह है कि आज मोदी भाजपा से भी बड़े हैं। सन् 2014 में मोदी का नारा विकास और काले धन की बरामदगी का था। नोटबंदी को इसी रूप में पेश किया गया। यह एक तथ्य है कि नोटबंदी से तुरंत पहले कुछ गिने-चुने भाजपा नेताओं ने अपना धन बैंकों में जमा करवा दिया, कुछ राज्यों में पार्टी कार्यालय के लिए जमीनें खरीद ली गईं, पेट्रोल पंपों और कैमिस्टों को नगद लेन-देन की छूट देकर और दो हज़ार का नोट जारी करके पतली गलियां भी तैयार कर ली गईं। यह प्रचार भी करवाया गया कि दो हज़ार के नोट में चिप लगी है और उसकी जमाखोरी सरकार की निगाह से नहीं छुपेगी।

## वर्ग पहेली 4527



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. पारसमणि फिल्म से सरगमी सफर शुरू करने वालों में से एक संगीतकार जिनका जन्म 3 सिंतबर 1944 है (4)
4. 1971 को यह देश स्वतंत्र राष्ट्र बना (3)
7. जल से उत्पन्न वस्तु (3)
8. पवित्र, पाक, पापहीन (3)
9. कल्पवृक्ष, अमरतरू, कल्पतरू (4)
12. आदर देना, आज्ञा पालन करना (3)
14. तिरस्कृत, अनाहत, अपमानित (3)
15. कोलकाता से 150 किमी दक्षिण पूर्व सुंदरवन में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ (5)
18. खिदमत, टहल, परिचर्या (2)
20. विद्युतपात, वज्राघात (2)
21. धैर्यहीन, अधीर, बेकरार (3)
23. एक स्त्री से प्रेम करने वाले दो व्यक्ति का परस्पर यह कहलाते है (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. इसे मालवी में कांदा कहते है (2)
2. रेल लाईन (4)
3. शर्म, हया, लज्जा (2)
4. नरमुंडों की माला महनने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (5)
5. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
6. झंकृत होना, झंकार होना (4)
9. वृक्ष, पेड़, झाड़ (2)
10. इंदौर के संगीतज्ञ मनोहर पटवर्धन द्वारा विकसित वाद्य यंत्र (4)
11. टौंस नामक नदी, ऋक्ष पर्वत से निकल गंगा नदी में मिलने वाली नदी (3)
13. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद्र पर बंधा पुल (4)
14. धन संपत्ति, स्वर्ण (2)
16. भोजन में सलाद के रूप में उपयोंग में आने वाले शिखाकंद, पिंडमूल (3)
17. निर्धन, कंगाल, दरिद्र (3)
19. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
21. किसी वस्तु को पाने का अल्प निश्चय (2)

**वर्ग पहेली 4526 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | रा | त | | बे | रू | त |
| ल | ल | का | र | ना | | म | न |
| जा | ना | | स | म | क्ष | | ख्वा |
| री | | | | व | | | ह |
| ला | ला | अ | म | र | ना | थ | |
| ल | ल | क | ना | | म | ल | य |
| नं | | ब | ना | व | | च | |
| दा | य | र | | न | जी | र | |

# छोटा परदा

**गुरूवार, दिनांक 13 जनवरी-2022**

**StarPlus:** 11:00 अनुपमा, 11:30 इमली, 12:00 ये है मोहब्बतें, 1:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:00 साथ निभाना साथिया, 6:00 आपकी नजरों ने समझा, 7:00 शौर्य और अनोखी की कहानी, 7:30 शादी मुबारक, 8:00 गुम है किसी के प्यार में, 8:30 इमली, 9:00 साथ निभाना साथिया, 10:00 अनुपमा





**Sony:** 11:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 12:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 7:00 मेरे सांई, 7:30 पुण्यश्लोक, 8:00 विघ्नहरता गणेश, 9:00 क्यों उत्थे दिल छोड़ आये, 9:30 इश्क पर जोर नहीं, 10:00 क्राईम पेट्रोल सतर्क, 11:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

**Zee TV:** 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 मेरी ताकत, 12:30 कुमकुम भाग्य, 1:00 कुंडली भाग्य, 2:00 पुर्नविवाह, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 हैवान, 8:00 जोधा अकबर, 7:00 अपना टाईम भी आएगा, 7:30 हमारी वाली गुडन्यूज, 8:30 तुझसे है राबता, 9:00 कुमकुम भाग्य, 9:30 कुंडली भाग्य, 11:00 कुमकुम भाग्य

**Colors:** 11:00 श्री कृष्णा, 11:30 उडायां, 12:00 ससुराल सिमर का, 2:00 थपकी प्यार की, 5:30 नागिन, 6:50 ससुराल सिमर का, 7:30 छोटी सरदारनी, 8:00 शक्ति, 8:30 बेरिस्टर बाबू, 9:00 नमक इश्क का, 9:30 बावरा दिली, 10:00 पिंजरा खूबसूरती का, 11:00 ससुराल सिमर का,



**Sony SAB:** 11:00 मैडम सर, 12:00 तेरा यार हूं मैं, 12:00 हीरों, 1:00 वागले की दुनिया, 1:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:30 मैडम सर, 3:00 हीरो, 3:30 तेरा यार हू मैं, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 मैडम सर, 5:30 जीजाजी छत पर है, 6:00 वागले की दुनिया, 6:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 हीरो, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 वागले की दुनिया, 9:30 तेरा यार हू मैं, 10:00 मैडम सर, 10:30 जीजाजी छत पर है, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा



**DD National:** 10:00 यहां के हम सिकंदर, 11:30 क्योंकि जीना इसी का नाम है, 12:00 मेरा देश बलाऐं रे, 12:30 तुमरी एक परंपरा, 1:00 मंगलसूत्र... 2:00 सुकन्या हमारी बेटियां, 2:30 हरी मिर्ची-लाल मिर्ची, 3:00 बिन बिटियां आंगन सूना, 4:00 नई सोच, 5:30 यहां के हम सिकंदर, 6:00 चंद्रमुखी, 7:00 महाराणा रंजीत सिंह, 8:00 द्रोपदी, 9:00 श्री गणेश, 9:30 श्री गणेश, 10:00 ना हौसला हारेंगे हम, 10:30 पुरवाई-एक नई आशा, फुले, 11:00 बिन बिटिया आंगन सूना



**Zee Cinema:** 8:00 हिदी फीचर फिल्म, 11:00 हिदी फीचर फिल्म, 2:00 हिदी फीचर फिल्म, 5:00 हिदी फीचर फिल्म, 8:00 हिदी फीचर फिल्म

**Movies OK:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिदी फीचर फिल्म, 2:00 हिदी फीचर फिल्म, 5:00 हिदी फीचर फिल्म, 8:00 हिदी फीचर फिल्म

# आज का राशिफल

**मेष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला:** बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**वृषभ:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे।

**वृश्चिक:** मानसिक शान्ति रहेगी। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार पर ध्यान दें। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु:** व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों से बचें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता भी बनाये रखने का प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर:** खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**सिंह:** परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। माता का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्र से भेंट हो सकती हैं।

**कुंभ:** मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। भाई-बहनों का साथ मिल सकता है।

**मीन:** कारोबार में वृद्धि होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता अधिक रहेगी।

# सुडोकू पहेली

**क्रमांक- 4527**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सुडोकू पहेली क्र. 4526**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

